Need to introduce senior secondary classes in Kendriya Vidyalaya, Dausa, Rajasthan and also open additional sections from class I to VIII in the Vidyalaya-laid

श्री मुरारी लाल मीना (दौसा) : केंद्रीय विद्यालय दौसा एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान के रूप में क्षेत्र में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, वर्तमान में केवल कक्षा 10 वीं तक संचालित है । सत्र 2025-26 से इस विद्यालय में कक्षा 11 वीं के लिए कला संकाय और विज्ञान संकाय आरंभ करना नितांत आवश्यक है, ताकि क्षेत्र के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ उनके ही क्षेत्र में प्राप्त हो सके और छात्र अन्य शहरों में जाने को मजबूर हैं । दौसा क्षेत्र में कई प्रतिभाशाली छात्र हैं जो दसवीं के बाद केंद्रीय विद्यालय की उच्च-स्तरीय शिक्षा में अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहते हैं । यदि ये दोनों संकाय शुरू होते हैं, तो छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उनके अपने क्षेत्र में ही उपलब्ध होगी । इससे उनके अभिभावकों पर मानसिक और आर्थिक बोझ बढ़ता है । साथ ही, कक्षा 1 से 8 तक छात्रों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रत्येक वर्ग में एक अतिरिक्त सेक्शन खोलना भी अत्यंत आवश्यक है । अतः निवेदन है कि क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए सत्र 2025-26 से केंद्रीय विद्यालय दौसा में इन संकायों की शुरुआत और अतिरिक्त सेक्शन खोलने की कृपा करें, जिससे विद्यालय क्षेत्रीय शिक्षा प्रणाली में और अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके ।